अनुक्रमांक :

नाम .

932 **825 (ET)**

**2016**

# सामाजिक विज्ञान

**केवल प्रश्न-पत्र**

**(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)**

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों — क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है । प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।*

*(iii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।*



*(iv)* *प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं — बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ-उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं ।*

*(v)* *क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।*

*(vi)* *दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।*

---

## खण्ड क

### (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**1.** वुडरो विल्सन कहाँ के राष्ट्रपति थे ? *1*

(अ) फ्रांस

(ब) सं.रा. अमेरिका

(स) इंग्लैण्ड

(द) जापान

2. भारत के विभाजन के समय भारत के वाइसराय कौन थे ? *1*

(अ) लॉर्ड वावेल
(ब) लॉर्ड माउण्टबैटन
(स) क्लीमेन्ट एटली
(द) सी. राजगोपालाचारी

रूस में क्रांति कब हुई थी ? *1*

(अ) 1817 ई.
(ब) 1917 ई.
(स) 1717 ई.
(द) 1927 ई.

यूरोप के किस देश ने सर्वप्रथम भारत में अपना उपनिवेश स्थापित किया ? *1*

(अ) इंग्लैण्ड
(ब) हॉलैण्ड
(स) पुर्तगाल
(द) फ्रांस

5. लोक अदालतों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य सही ***नहीं*** है ? *1*

(अ) निर्णय आपसी सहमति के आधार पर होते हैं ।
(ब) इसमें वकील मुकदमे की पैरवी कर सकते हैं ।
(स) इसमें निर्णय शीघ्र होते हैं ।
(द) ये अदालतें जन-कल्याण हेतु कार्य करती हैं ।



6. किसकी स्वीकृति से कोई विधेयक अधिनियम बन सकता है ? *1*

(अ) संसद
(ब) राष्ट्रपति
(स) सर्वोच्च न्यायालय
(द) प्रधान मंत्री

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

7. यूरोप में पुनर्जागरण सर्वप्रथम किस देश में हुआ ? इसकी प्रगति के लिए उत्तरदायी कारणों में से किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए । $1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

8. देश की आन्तरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए सरकार को क्या उपाय करने चाहिए ? उनमें से किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए । *1+1*

9. राष्ट्रपति किन परिस्थितियों में देश में आपात-काल घोषित करता है ? उनमें से किन्हीं दो को संक्षेप में लिखिए । *1+1*

**(लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

10. भारत को स्वतंत्रता दिलाने में मौलाना आज़ाद का क्या योगदान रहा ? *3*

**अथवा**

देश के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मी बाई की क्या भूमिका थी ? संक्षेप में लिखिए । *3*

11. भारतीय विदेश नीति की कोई दो विशेषताएँ बताइए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ? इसकी स्थापना के क्या उद्देश्य थे ? उनमें से किन्हीं दो को लिखिए । 1+1+1

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. उन्नीसवीं शताब्दी में भारत में राजनीतिक चेतना के विकास के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारणों की विवेचना कीजिए । 6

**अथवा**

भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब की गई ? इसके प्रथम अध्यक्ष कौन थे ? इसके प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन कीजिए । 1+1+4

13. प्रधान मंत्री की नियुक्ति कैसे होती है ? भारत के प्रशासन में प्रधान मंत्री की स्थिति की व्याख्या कीजिए । 2+4

**अथवा**

अपने प्रदेश में विधान परिषद् की रचना एवं उसके कार्यों का वर्णन कीजिए । 50 3+3



## (मानचित्र-कार्य)

14. दिए गए **भारत** के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों का अंकन ⊙ चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं ।

(i) वह स्थान जहाँ 1907 में काँग्रेस का विभाजन हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ चन्द्रशेखर आज़ाद शहीद हुए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ महात्मा बुद्ध का जन्म हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ भारत की राजधानी है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ होम रूल लीग का प्रस्ताव पारित किया गया । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग **न** कीजिए ।*

(i) 1907 में काँग्रेस का विभाजन कहाँ हुआ था ? *1*

(ii) चन्द्रशेखर आज़ाद कहाँ शहीद हुए थे ? *1*

(iii) महात्मा बुद्ध का जन्म कहाँ हुआ था ? *1*

(iv) भारत की राजधानी कहाँ है ? *1*

(v) होम रूल लीग का प्रस्ताव कहाँ पारित किया गया था ? *1*



## खण्ड ख

## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

*निर्देश : निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

**15.** जूट की कृषि का मुख्य राज्य है *1*

(अ) पंजाब

(ब) राजस्थान

(स) पश्चिम बंगाल

(द) बिहार

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक मानवकृत आपदा है ? *1*

(अ) भूस्खलन

(ब) भूकम्प

(स) बाढ़

(द) बम-विस्फोट

**17.** किस नदी पर टिहरी बाँध परियोजना स्थित है ? *1*

(अ) नर्मदा

(ब) भागीरथी

(स) महानदी

(द) चम्बल

18. भारत में अभ्रक उत्पादन में किस राज्य का प्रथम स्थान है ? 1

(अ) बिहार

(ब) झारखण्ड

(स) आन्ध्र प्रदेश

(द) मध्य प्रदेश

19. भारत में मौद्रिक नीति का नियंत्रक निम्नलिखित में से कौन है ? 1

(अ) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया

(ब) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया

(स) यूनाइटेड बैंक ऑफ इण्डिया

(द) रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया

20. निम्नलिखित में से कौन-सा एक कुटीर उद्योग से सम्बन्धित है ? 1

(अ) हथकरघा उद्योग

(ब) लौह-इस्पात उद्योग

(स) कागज़ उद्योग

(द) सीमेंट उद्योग

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. खादर एवं बांगर मिट्टी में अन्तर बताइए । 1+1

22. भारत में किन्हीं दो परमाणु ऊर्जा केन्द्रों के नाम लिखिए । 1+1

23. भारत में कृषि की निम्न उत्पादकता के किन्हीं चार कारणों का उल्लेख कीजिए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में अन्तर बताइए तथा भारत से निर्यात की जाने वाली किन्हीं दो वस्तुओं के नाम लिखिए । $1+1+\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**अथवा**

प्रतियोगिता के आधार पर बाज़ार का वर्गीकरण कीजिए । 1+1+1

25. भारत में भूमि सुधार के तीन उद्देश्यों को बताइए । 1+1+1

**अथवा**

भारत में आर्थिक नियोजन के तीन उद्देश्यों का वर्णन कीजिए । 1+1+1

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. भारत के दक्षिणी पठार का वर्णन निम्नलिखित शीर्षकों के अन्तर्गत कीजिए : 2+2+2

(अ) स्थिति एवं विस्तार

(ब) प्राकृतिक बनावट (भौतिक लक्षण)

(स) खनिज

**अथवा**

भारतीय वनों के किन्हीं छः लाभों का वर्णन कीजिए । 1+1+1+1+1+1

27. भारतीय कृषकों की किन्हीं छ: समस्याओं का वर्णन कीजिए । $1+1+1+1+1+1$

**अथवा**

विकासशील देशों के आर्थिक विकास की छ: समस्याओं का वर्णन कीजिए । $1+1+1+1+1+1$

## (मानचित्र-कार्य)

***निर्देश :*** *भारत के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए ।*

**28.** (i) नर्मदा नदी चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) दो कोयला उत्पादक क्षेत्र चिह्न द्वारा । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) कानपुर नगर ● चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) दो गन्ना उत्पादक क्षेत्र चिह्न द्वारा । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) कोलकाता बन्दरगाह ⦿ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$



**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग **न** कीजिए ।*

(i) किन्हीं दो नदी-घाटी परियोजनाओं के नाम बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) भारत में दो खनिज-तेल उत्पादक क्षेत्रों के नाम बताइए । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) उत्तर प्रदेश की राजधानी का नाम बताइए । 1

(iv) भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत के सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम बताइए । 1

(v) झरिया किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है ? 1